**दिनांक 09.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Construction of Proposed Centre of Excellence of Fire Testing Training and Research Laboratory at IIT Patna, Bihar (ON EPC Basis) कार्य के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

**उपस्थिति:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |
| 3. | **श्री ब्रजेश कुमार,**<br>मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | सदस्य |
| 4. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |

**कार्यवाही:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | - | **Construction of Proposed Centre of Excellence of Fire Testing Training and Research Laboratory at IIT Patna, Bihar (ON EPC Basis)** |
| 2. | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹18,66,72,000.00 (भवन निर्माण विभाग का ज्ञापांक 159(भ0) दिनांक 05.08.2025) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | EPC Basis |
| 4. | विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | - | EPC Basis |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 03/2025-26 dated 20.11.2025 |
| 6. | कार्य की अवधि | - | 12(बारह)माह |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) करने की प्रारंभ तिथि | - | 28.11.2025 |
| 8. | निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि | - | 21.12.2025 |
| 9. | प्री-बीड बैठक की तिथि समय एवं स्थान | - | दिनांक 10.12.2025 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 09.10.2025 को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | - | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | टेन्डर आई0डी0 | - | 118628 |
| 12. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | - | PRABHAT KHABAR on 25.11.2025 (018032 (BCD) 2025-26) |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | M/S SHANTI CONSTRUCTION & COMPANY, SHANTI BHAWAN, NEAR BIHAR MOTOR WORKS, BAHADURPUR, MAIN ROAD, KANKARBAGH, PATNA-800020 |

14. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-**

**विषयांकित कार्य के प्रथम निविदा की कार्यवाही:-**

कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-3, पटना के ज्ञापांक 1144 दिनांक 19.11.2025 द्वारा सूचित किया गया कि विषयांकित कार्य की पहली निविदा में किसी भी निविदाकार द्वारा भाग नही लिया गया था। तदुपरांत पुनर्निविदा आमंत्रित की गयी।

**वर्तमान में आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-**

विषयांकित कार्य की यह द्वितीय निविदा है। विषयांकित कार्य की निविदा में उपरोक्त एकमात्र निविदाकार द्वारा भाग लिया गया है। एकमात्र निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 597 अनु0 दिनांक 24.12.2025 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा एकमात्र निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों का तकनीकी मूल्यांकन ई-टेन्डर मॉड्यूल में अपलोडेड Bidding Document के आधार पर इस शर्त के साथ की गयी कि एकमात्र निविदाकार द्वारा समर्पित किये गये कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र को जाँच/सत्यापन में उनका कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र यदि जाँच/सत्यापन में फर्जी/जाली पाया जाता है, तो

संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया गया कि:-

**निविदाकार** **M/S SHANTI CONSTRUCTION & COMPANY, SHANTI BHAWAN, NEAR BIHAR MOTOR WORKS, BAHADURPUR, MAIN ROAD, KANKARBAGH, PATNA-800020** द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा के तहत मांगे गये सभी अभिलेखों को समर्पित किया गया है। अतः उक्त निविदाकार को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया।

15. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:-

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से द्वितीयवार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार **M/S SHANTI CONSTRUCTION & COMPANY, SHANTI BHAWAN, NEAR BIHAR MOTOR WORKS, BAHADURPUR, MAIN ROAD, KANKARBAGH, PATNA-800020** को **"रिस्पॉन्सिव"** अर्थात सफल पाये जाने के उपरांत एकल सफल निविदाकार होने के कारण पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या-3162(एस) दिनांक 09.05.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

16. विभागीय निविदा समिति का निर्णय:-

विषयांकित कार्य Construction of Proposed Centre of Excellence of Fire Testing Training and Research Laboratory at IIT Patna, Bihar (ON EPC Basis) के निर्माण कार्य के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक 06.01.2026 की बैठक में की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक 15.01.2026 (गुरूवार) को पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद मुख्य अभियंता(पटना) के ईमेल पर (cepatna.bcd@gmail.com) अथवा कार्यालय में प्राप्त होती है तो मुख्य अभियंता(पटना) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नहीं होने के स्थिति में मुख्य अभियंता(पटना) वित्तीय बीड खोल कर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (ब्रजेश कुमार)<br>मुख्य अभियंता(पटना)<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ0नि0वि0, पटना | (कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना |
|---|---|---|---|

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0विविध-8-14/2024 - 134(P) पटना, दिनांक- 12.01.26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना